# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 16/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** 20 cm आधार व्यास और 20 cm ऊँचाई वाले एक ठोस शंकु को पिघलाया जाता है और त्रिज्या R cm के एक ठोस धात्विक अर्धगोले में पुन: ढाला जाता है। अर्धगोले का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में, दशमलव के 2 स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 892.55 B). 1036.72 C). 942.86 D). 924.86

**Correct Answer: C**

**Q.2** 6.3 cm त्रिज्या वाले अर्धगोले का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात करें।

**Ans** A). 3,524 $cm^2$ B). 374.2 $cm^2$ C). 3,742 $cm^2$ D). 3,777 $cm^2$


**Correct Answer: B**

**Q.3** औसत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans** A). छह क्रमागत सम पूर्णांकों का औसत एक सम प्राकृत संख्या होती है। B). छह क्रमागत विषम पूर्णांकों का औसत एक विषम पूर्णांक होता है। C). छह क्रमागत विषम पूर्णांकों का औसत एक विषम प्राकृत संख्या होती है। D). छह क्रमागत विषम पूर्णांकों का औसत एक सम पूर्णांक होता है।

**Correct Answer: D**

**Q.4** 85 सोलह वर्षीय लड़कों के प्रतिदर्श (sample) में फलों के उपभोग का वितरण नीचे दिए गए ग्राफ़ में दिया गया है। ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।




इनमें से कितने प्रतिशत लड़के प्रतिदिन पाँच या उससे अधिक सर्विंग खाते हैं? (दशमलव के बाद दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)

**Ans** A). 14.32% B). 17.13% C). 21.18% D). 20.04%

**Correct Answer: C**

**Q.5** एक मेज का अंकित मूल्य ₹10,500 है, और इसे ₹9,450 में बेचा जाता है। इस लेनदेन पर प्रतिशत छूट ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 10.5% B). 10% C). 9.5% D). 9%

**Correct Answer: B**

**Q.6** एक शहर में स्कूलों की संख्या, शहर की जनसंख्या के अनुक्रमानुपाती है। 2020 में, 125 स्कूल थे और शहर की जनसंख्या 1,80,000 थी। 2023 में, शहर में स्कूलों की संख्या 180 है। 2020 से 2023 तक शहर की जनसंख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

**Ans** A). 44% B). 45% C). 42% D). 46%

**Correct Answer: A**

**Q.7** यदि एक दर्जन आम का क्रय मूल्य, नौ आमों के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $33\%$ का लाभ B). $33\%$ की हानि C). $33\frac{1}{3}\%$ का लाभ D). $33\frac{1}{3}\%$ की हानि

**Correct Answer: C**

**Q.8** एक समूह में 98 महिलाएं हैं और उनका औसत वजन 52 kg है। यदि 60 kg औसत वजन वाली 7 महिलाएं समूह छोड़ देती हैं और 80 kg औसत वजन वाली दो नई महिलाएं समूह में शामिल हो जाती हैं, तो अब समूह में महिलाओं का नया औसत वजन कितना होगा?

**Ans** A). 54 kg B). 52 kg C). 50 kg D). 56 kg

**Correct Answer: B**

**Q.9** ₹19 में एक वस्तु को बेचकर, एक विक्रेता 25% का लाभ अर्जित करता है। उसे अपना विक्रय मूल्य (₹ में) कितना बढ़ाना चाहिए, ताकि 50% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans** A). 5.8 B). 6.8 C). 4.8 D). 3.8

**Correct Answer: D**

**Q.10** चार लड़कों शिखर, मुकेश, अनिल और अनीश की औसत आयु 25 वर्ष है। यदि शिखर, मुकेश और अनिल की आयु 15, 25 और 29 वर्ष है, तो अनीश की आयु (वर्षों में) कितनी है?

**Ans** A). 29 B). 30 C). 32 D). 31

**Correct Answer: D**

**Q.11** नीचे दी गई तालिका में वर्ष 2012 से 2015 के दौरान विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान और अन्य पेशेवर पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या दर्शाई गई है।

| वर्ष/विद्यार्थियों की संख्या | इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की संख्या | चिकित्सा विज्ञान पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की संख्या | अन्य पेशेवर पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2012 | 570 | 350 | 300 |
| 2013 | 850 | 600 | 500 |
| 2014 | 700 | 980 | 1000 |
| 2015 | 450 | 900 | 1200 |

चिकित्सा विज्ञान पाठ्यक्रम के लिए किस वर्ष अधिकतम विद्यार्थियों द्वारा दाखिला लिया गया?

**Ans** A). 2013 B). 2015 C). 2012 D). 2014

**Correct Answer: D**

**Q.12** 6 वर्षों के लिए 4% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 780 B). 840 C). 880 D). 800

**Correct Answer: B**

**Q.13** 6 वर्षों के लिए 7% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1200 B). 1300 C). 1220 D). 1260

**Correct Answer: D**

**Q.14** दोनों सिरों पर खुले एक मोटे बेलनाकार पाइप की लंबाई 1.4 m है। इसका आंतरिक और बाह्य व्यास क्रमशः 60 cm और 80 cm है। इसे चारों तरफ से पेंट करना है। यदि पेंटिंग की दर ₹110/$m^2$ है तो पेंटिंग की लागत (₹ में) कितनी होगी? ($\pi=\frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

**Ans** A). 712 B). 748 C). 734 D). 726

**Correct Answer: D**

**Q.15** एक व्यक्ति 400 km के दौरे पर, पहले 120 km को 80 km/h की चाल से और अगले 150 km को 75 km/h की चाल से तय करता है। यदि उसे दौरे में 5 घंटे से कम समय लगाना हो, तो शेष दूरी के लिए उसे कितनी न्यूनतम चाल से यात्रा करनी होगी?

**Ans** A). 86.66 km/h B). 90.21 km/h C). 88.56 km/h D). 84.72 km/h

**Correct Answer: A**

**Q.16** किसी निश्चित राशि पर 3 वर्ष के लिए 17% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज, उसी राशि पर 5 वर्ष के साधारण ब्याज से ₹7,140 कम है। राशि की गणना करें।

**Ans** A). ₹20,000 B). ₹23,000 C). ₹21,000 D). ₹22,000

**Correct Answer: C**

**Q.17** अनुपात 13 : 15 को प्रतिशत के रूप में व्यक्त करने पर मान क्या होगा?
(दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 89.12% B). 86.67% C). 83.25% D). 75.25%

**Correct Answer: B**

**Q.18** छः लड़कों का व्यक्तिगत वजन (kg में) 55, 56, 57, 60, 59 और 55 है। एक नया लड़का समूह में शामिल होता है, और समूह का माध्य वजन (mean weight) 62 kg हो जाता है। नए लड़के का वजन (kg में) ज्ञात करें।

**Ans** A). 94 B). 90 C). 82 D). 92

**Correct Answer: D**

**Q.19** एक शिक्षक विद्यार्थियों के कुछ समूहों को ठीक 10 या 12 या 15 सदस्यों की संख्या में चाहता था। अभीष्ट (required) समूह बनाने के लिए कक्षा में विद्यार्थियों की न्यूनतम संख्या कितनी होनी चाहिए?

**Ans** A). 60 B). 150 C). 37 D). 120

**Correct Answer: A**

**Q.20** अजीत एक वृत्ताकार मैदान के चारों ओर दो चक्कर प्रति घंटे की चाल से पैदल चलता है, जबकि मोहित इसके चारों ओर 10 चक्कर प्रति घंटे की चाल से दौड़ता है। वे 6.30 a.m. पर एक ही बिंदु से एक ही दिशा में प्रस्थान करते हैं। वह समय ज्ञात करें, जिस समय वे एक दूसरे को पार करते हैं।

**Ans** A). 06 : 37 : 50 B). 06 : 37 : 20 C). 06 : 37 : 30 D). 06 : 40 : 00

**Correct Answer: C**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ पिज़्ज़ा, बर्गर हैं।
कुछ पिज़्ज़ा, सॉसेज हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ सॉसेज, बर्गर हैं।
(II) कुछ सॉसेज, पिज़्ज़ा हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**Correct Answer: D**

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'joy salt area' को 'sd vt de' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'area kit care' को 'vt fu pv' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'area' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). vt B). fu C). sd D). de

**Correct Answer: A**

**Q.3** एक निश्चित कूट भाषा में, 'shivam will eat mango' को 'mu tu gu lu' लिखा जाता है और 'gyan may like mango' को 'ku gu nu yu' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'mango' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). mu B). ku C). gu D). tu

**Correct Answer: C**

**Q.4** निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए?
69 − 36 × 6 ÷ 12 + 5 = ?

**Ans** A). 130 B). 136 C). 129 D). 128

**Correct Answer: B**

**Q.5** A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। F, A के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। D, A के ठीक बाएँ बैठा है। C, A के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और C के बीच में केवल E बैठा है। A के दाएँ से गिनती करने पर B के ठीक बाएँ कौन बैठा है?

**Ans** A). E B). F C). A D). C

**Correct Answer: B**

**Q.6** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 13, 38 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 15, 44 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 26, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 68 B). 77 C). 86 D). 71

**Correct Answer: B**

**Q.7** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी चींटियाँ, गेंदें हैं।
सभी चींटियाँ, गुड़िया हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ गेंदें, गुड़िया हैं।
(II) सभी गुड़िया, चींटियाँ हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।


**Correct Answer: B**

**Q.8** BI54 एक निश्चित प्रकार से XE64 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार DK76, ZG86 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FM43 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). BI53 B). BE35 C). EB35 D). IB53

**Correct Answer: A**

**Q.9** यदि दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





**Ans** A).  B).  C). 

D). 


**Correct Answer: B**

**Q.10** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





**Ans**


A).





B).




C).




D).




**Correct Answer: C**

**Q.11** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**DKO, GJL, JII, MHF ,?**

**Ans** A). QGB B). PGC C). QGC D). PGB

**Correct Answer: B**

**Q.12** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(34, 22, 63)**
**(61, 76, 144)**

**Ans** A). (86, 13, 96) B). (26, 83, 16) C). (45, 41, 93) D). (3, 22, 61)

**Correct Answer: C**

**Q.13** P, Q, R, S, T और U एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। R, P के ठीक बाईं ओर तथा T के ठीक दाईं ओर बैठा है। Q, T के ठीक बाईं ओर बैठा है। U, Q के ठीक बाईं ओर बैठा है। P, S के ठीक बाईं ओर बैठा है। S के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?

**Ans** A). U B). Q C). R D). T

**Correct Answer: A**

**Q.14** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए और '−' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

**100 − 4 ÷7 + 5 × 12 = ?**

**Ans** A). 5 B). 6 C). 4 D). 2

**Correct Answer: D**

**Q.15** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**247 258 280 313 357 ?**

**Ans** A). 388 B). 426 C). 401 D). 412

**Correct Answer: D**

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HARD' को '1596' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CARD' को '5689' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 9 B). 6 C). 5 D). 8


**Correct Answer: D**

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TASK' को '3762' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CAST' को '2436' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 6 B). 2 C). 4 D). 7

**Correct Answer: D**

**Q.18** उस आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।



Ans

A). 


B). 

C). 

D). 


Correct Answer: A


**Q.19** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: D

**Q.20** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, ADKR किसी प्रकार से CBMP से संबंधित है। GXQL उसी प्रकार से IVSJ से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, OPYD, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). BANQ B). QBAN C). QNAB D). QANB

Correct Answer: C

## Section : General Awareness

**Q.1** 17वीं सदी के प्रारंभिक वर्षों में उत्तरी भारत में फैली निम्नलिखित मे से किस फसल का उल्लेख आइन-ए-अकबरी में उत्तरी भारत की फसलों की सूची में नहीं किया गया था?

Ans A). अरहर B). तंबाकू C). गेहूँ D). ज्वार

Correct Answer: B

**Q.2** भारत की जनगणना-2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
(a) सात वर्ष या उससे अधिक उम्र का व्यक्ति, जो किसी भी भाषा को समझने के साथ पढ़ और लिख सकता है, साक्षर माना जाता है।
(b) एक व्यक्ति जो केवल पढ़ सकता है, लेकिन लिख नहीं सकता, वह साक्षर नहीं है।

Ans A). केवल (a) सही है B). (a) और (b) दोनों सही हैं C). केवल (b) सही है D). न तो (a) और न ही (b) सही है

Correct Answer: B

**Q.3** ओडिसी शास्त्रीय नृत्य शैली को पुनर्जीवित करने के लिए पद्म विभूषण 2000 का प्राप्तकर्ता कौन है?

Ans A). हरि प्रसाद चौरसिया B). केलुचरण महापात्र C). टी. बालासरस्वती D). पंडित जसराज

Correct Answer: B

**Q.4** What are the three components of the empowerment model in SAPAP of SHGs?

Ans A). Public resource allocation, capacity building, and microfinance B). Collective empowerment, capital formation, and poverty eradication C). Social mobilisation, economic development, and education D). Social mobilisation, capital formation, and capacity building

Correct Answer: D

**Q.5** ब्रिटिश शासन के तहत, फोर्ट विलियम कॉलेज (The College of Fort William) ______ में स्थापित किया गया था।

Ans A). बंबई B). कलकत्ता C). दिल्ली D). मद्रास

Correct Answer: B

**Q.6** प्रसिद्ध किला-ए-कुहना (पुराने किले की मस्जिद) का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था?

Ans A). हुमायूं B). अकबर C). शेरशाह D). अलाउद्दीन खिलजी

Correct Answer: C

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का एक उद्योग है?

Ans A). बजाज B). हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड C). टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (TISCO) D). स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)

Correct Answer: D

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा मिलान युग्म गलत है?

Ans A). कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया - जापान B). कानून का शासन - ब्रिटेन C). राष्ट्रपति के कार्य - फ्रांस D). समवर्ती सूची - ऑस्ट्रेलिया

Correct Answer: C

**Q.9** ' गेटिंग ए ग्रिप: ऑन माई बॉडी, माई माइंड, माई सेल्फ (Getting A Grip: On My Body, My Mind, My Self)' निम्नलिखित में से किस टेनिस हस्ती की आत्मकथा है?

Ans A). स्टेफी ग्राफ (Steffi Graf) B). मारिया शारापोवा (Maria Sharapova) C). मोनिका सेलेस (Monica Seles) D). अन्ना कोर्निकोवा (Anna Kournikova)

Correct Answer: C

**Q.10** राइबोसोम (Ribosomes) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

कथन A: राइबोसोम में कोई झिल्ली नहीं होती।
कथन B: राइबोसोम में पाचन हाइड्रोलाइटिक एंजाइम (Digestive hydrolytic enzymes) मौजूद होते हैं।
कथन C: इन्हें आत्मघाती थैलियाँ कहा जाता है।
कथन D: राइबोसोम प्रोटीन संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Ans A). केवल कथन A और D B). केवल कथन A और B C). केवल कथन A और C D). केवल कथन A, B और C

Correct Answer: A

**Q.11** वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (PMRPY) की शुरुआत भारत सरकार के किस मंत्रालय ने की थी?

Ans A). वित्त मंत्रालय B). आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय C). श्रम एवं रोजगार मंत्रालय D). ग्रामीण विकास मंत्रालय

Correct Answer: C

**Q.12** निम्नलिखित में से प्रथम उपमहाद्वीपीय साम्राज्य कौन सा था?

Ans A). गुप्त साम्राज्य B). कुषाण साम्राज्य C). मौर्य साम्राज्य D). सातवाहन साम्राज्य

Correct Answer: C

**Q.13** रासायनिक सूत्र $C_2H_6$ वाला अणु एक _______ अणु है।

Ans A). प्रोपेन (propane) B). मीथेन (methane) C). ब्यूटेन (butane) D). एथेन (ethane)

Correct Answer: D

**Q.14** निम्नलिखित में से स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री कौन थे?

Ans A). जॉन मथाई B). राजकुमारी अमृत कौर C). बी. आर. अंबेडकर D). जगजीवन राम

Correct Answer: C

**Q.15** कोशिकीय घटकों तथा अणुओं के भंजन (breaking down) और पुन:चक्रण (recycling) के लिए कौन-सी कोशिकीय संरचना उत्तरदायी होती है?

Ans A). न्यूक्लियस (Nucleus) B). लाइसोसोम (Lysosome) C). राइबोसोम (Ribosome) D). माइटोकॉन्ड्रियन (Mitochondrion)

Correct Answer: B

**Q.16** पृथ्वी की निफे (Nife) परत _______ में स्थित होती है।

Ans A). मैंटल (Mantle) B). भूपर्पटी (Crust) C). क्रोड (Core) D). स्थलमंडल (Lithosphere)

Correct Answer: C

**Q.17** निम्नलिखित में से किस राज्य ने मार्च 2023 में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना शुरू की?

Ans A). पंजाब B). कर्नाटक C). छत्तीसगढ़ D). मध्य प्रदेश

Correct Answer: C

**Q.18** टेनिस में, 'लव (love)' स्कोर क्या है?

Ans A). वह स्कोर जब कोई खिलाड़ी खेल में पहला पाइंट जीतता है B). किसी खेल में उच्चतम संभव स्कोर C). वह स्कोर जब खेल टाई होता है D). वह स्कोर जब किसी खिलाड़ी के पाइंट शून्य होते हैं

Correct Answer: D

**Q.19** निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में राज्य विधानमंडल (state legislature) में विनियोग विधेयक का उल्लेख है?

Ans A). अनुच्छेद 209 B). अनुच्छेद 204 C). अनुच्छेद 216 D). अनुच्छेद 213

Correct Answer: B

**Q.20** भारतीय खान ब्यूरो (Indian Bureau of Mines - IBM) की स्थापना वर्ष ________ में की गई थी।

Ans A). 1960 B). 1948 C). 1985 D). 1973

Correct Answer: B

**Q.21** मई 2023 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पापुआ न्यू गिनी (Papua New Guinea) और ______________, प्रशांत द्वीप देशों द्वारा सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है।

Ans A). तुवालू (Tuvalu) B). नाउरु (Nauru) C). फ़िजी (Fiji) D). किरिबाती (Kiribati)

Correct Answer: C

**Q.22** XXII राष्ट्रमंडल खेल (XXII Commonwealth Games) 2022 की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans A). गोल्ड कोस्ट B). बर्मिंघम C). ग्लासगो D). दिल्ली **Correct Answer: B**

**Q.23** पंडित रविशंकर को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से चार बार सम्मानित किया गया है?

Ans A). CMA पुरस्कार B). BRIT पुरस्कार C). अंतर्राष्ट्रीय शास्त्रीय संगीत पुरस्कार D). ग्रैमी पुरस्कार **Correct Answer: D**

**Q.24** निम्नलिखित में से किस महीने में नागालैंड में सुमी जनजाति (Sumi tribe) द्वारा तुलुनी महोत्सव (Tuluni festival) मनाया जाता है?

Ans A). मई B). अगस्त C). जून D). जुलाई **Correct Answer: D**

**Q.25** प्रसिद्ध लोक नृत्य, 'यक्षगान' किस राज्य से संबंधित है?

Ans A). बिहार B). मणिपुर C). केरल D). कर्नाटक **Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Fluctuate**

Ans A). Wobble B). Mitigate C). Descend D). Steady **Correct Answer: D**

**Q.2** Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error.

**The worlds you and I belong to are very <u>defferent</u>.**

Ans A). different B). diferent C). deffirent D). deferent **Correct Answer: A**

**Q.3** Select the most appropriate idiom to fill in the blank.

**Getting a sudden promotion and increment in my current profile was like ________.**

Ans A). a bolt from the blue B). a foul play C). a ballpark figure D). a fish out of water **Correct Answer: A**

**Q.4** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Amplify**

Ans A). Contract B). Exert C). Enlarge D). Defy **Correct Answer: A**

**Q.5** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

**We <u>can observed from</u> the poll that the award is likely to go to the horror movie director this year.**

Ans A). have been observing of B). had observe from C). can observe from D). are observing of **Correct Answer: C**

**Q.6** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains an error.

**Stephan, however, contrived / to put away / his departure / for eighteen months.**

Ans A). to put away B). Stephan,however,contrived C). for eighteen months D). his departure **Correct Answer: A**

**Q.7** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

**He is the <u>healthy</u> person I have ever met in life.**

Ans A). healthier B). healthiest C). most healthy D). more healthy **Correct Answer: B**

**Q.8** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
**Extensive**

Ans A). Expensive B). Concrete C). Limited D). Abstract **Correct Answer: C**

**Q.9** Select the most appropriate meaning of the given idiom.

**Once in a blue moon**

Ans A). A frequent event B). A pleasant surprise C). A rare occurrence D). A regular activity **Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I could make out from my son's voice that he was _____ as his exam did not go well.**

**Ans** A). sad B). rejected C). abrogated D). confused

**Correct Answer: A**

**Q.11** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**You know that I am fond of reading / and also that all books are my favourite / but you don't know that this is one of / my favourite book.**

**Ans** A). my favourite book. B). and also that all books are my favourite C). but you don't know that this is one of D). You know that I am fond of reading

**Correct Answer: A**

**Q.12** **Select the grammatically correct sentence from the options given.**

**Ans** A). Neither a boy nor a mother could identify the man. B). Neither the boy nor a mother could identify a man. C). Neither the boy nor the mother could identify the man. D). Neither a boy nor the mother could identify a man.

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the option with the correct spelling to replace the underlined word in the given sentence.**
**Development does not take place in a <u>vaccum</u>.**

**Ans** A). vacuum B). vaccim C). vakum D). vacuuem

**Correct Answer: A**

**Q.14** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**Chetan's room is clean / than Ram's room because / Chetan cleans it more often than Ram.**

**Ans** A). Chetan's room is clean B). than Ram's room because C). No error D). Chetan cleans it more often than Ram

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Vague**

**Ans** A). Dissimilar B). Distinct C). Indefinite D). Intact

**Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**Our ______ has so many magnificent tourist destinations, with unimaginable potential, yet to ____ fully explored.**

**Ans** A). national; have B). state; been C). country; be D). land; has

**Correct Answer: C**

**Q.17** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**The space or room that is at the top of a building or just below the main roof**

**Ans** A). Attic B). Ceiling C). Dome D). Stairs

**Correct Answer: A**

**Q.18** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Accentuation B). Phytoplankton C). Supperannuation D). Suppressant

**Correct Answer: C**

**Q.19** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Expand**

**Ans** A). Shrink B). Network C). Protect D). Inflate

**Correct Answer: A**

**Q.20** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**Her decision, / given the complex circumstances, / was too impulsively made.**

**Ans** A). was too impulsively made. B). No error C). Her decision, D). given the complex circumstances,

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

She went on a quest for ancient things ___(1)____ could have a soul of their own, something ___(2)___ Aladdin's lamp that was home to a genie. She searched flea markets, met with art dealers and even went to excavation sites. She ___(3)__ searching for something that would have seen some ancient history when an ___(4)___, ___(5)___, ___(6)____ apothecary table caught her attention. It was perhaps owned by a __(7)____, ___(8)___, __(9)____ woman who was a wise medic but was deemed a witch.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21 Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). that B). which C). whose D). who

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

She went on a quest for ancient things ___(1)____ could have a soul of their own, something ___(2)___ Aladdin's lamp that was home to a genie. She searched flea markets, met with art dealers and even went to excavation sites. She ___(3)__ searching for something that would have seen some ancient history when an ___(4)___, ___(5)___, ___(6)____ apothecary table caught her attention. It was perhaps owned by a __(7)____, ___(8)___, __(9)____ woman who was a wise medic but was deemed a witch.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). upstairs B). like C). of D). by

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

She went on a quest for ancient things ___(1)____ could have a soul of their own, something ___(2)___ Aladdin's lamp that was home to a genie. She searched flea markets, met with art dealers and even went to excavation sites. She ___(3)__ searching for something that would have seen some ancient history when an ___(4)___, ___(5)___, ___(6)____ apothecary table caught her attention. It was perhaps owned by a __(7)____, ___(8)___, __(9)____ woman who was a wise medic but was deemed a witch.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). has been B). was C). were D). is

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

She went on a quest for ancient things ___(1)____ could have a soul of their own, something ___(2)___ Aladdin's lamp that was home to a genie. She searched flea markets, met with art dealers and even went to excavation sites. She ___(3)__ searching for something that would have seen some ancient history when an ___(4)___, ___(5)___, ___(6)____ apothecary table caught her attention. It was perhaps owned by a __(7)____, ___(8)___, __(9)____ woman who was a wise medic but was deemed a witch.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blanks numbered 4, 5 and 6 respectively.**

**Ans** A). antique; chestnut brown; heavy B). chestnut brown; antique; heavy C). antique; heavy; chestnut brown D). heavy; antique; chestnut brown

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

She went on a quest for ancient things ___(1)____ could have a soul of their own, something ___(2)___ Aladdin's lamp that was home to a genie. She searched flea markets, met with art dealers and even went to excavation sites. She ___(3)__ searching for something that would have seen some ancient history when an ___(4)___, ___(5)___, ___(6)____ apothecary table caught her attention. It was perhaps owned by a __(7)____, ___(8)___, __(9)____ woman who was a wise medic but was deemed a witch.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blanks numbered 7, 8 and 9 respectively.**

**Ans** A). hunch-backed; old; small B). old; small; hunch-backed C). small; old; hunch-backed D). small; hunch-backed; old

**Correct Answer: D**